संख्या 1498/2019-रावअ/40.18/उ.श्रे.लि.

**भारत सरकार**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रानय**

**कार्यालय निदेशक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी,**

**पो0ऑ0-न्यू फॉरेस्ट, देहरादून- 248006 (उत्तराखण्ड)**

दिनांकः 21 /10/2019

# रिक्त परिपत्र

विषय- **इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में उच्च श्रेणी लिपिक के एक पद की प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाना।**

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में उच्च श्रेणी लिपिक वेतन बैन्ड-1, (5200-20200+ग्रेड वेतन-2400) (संशोधन पूर्व) **लेवल-4, रू 25500-81100 के एक पद की प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है।**

2. पद हेतु अनिवार्य योग्यताओं, अनुभव आदि का ब्यौरा संलग्नक-I में दिया गया है।

3. पद हेतु इच्छुक कार्मिक को अकादमी में उच्च श्रेणी लिपिक के पूर्णकालिक कर्तव्य एवं अन्य संबद्ध क्रियाकलापों को निभाना होगा।

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाहय पर पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर आवेदक की अधिकतम आयु- सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5. चयनित कार्मिक भारत सरकार द्वारा विहित एवं समय-समय पर संशोधित दर के अनुसार प्रतिनियुक्ति (कर्तव्य) भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

6. अनुरोध है कि कृपया ऐसे इच्छुक कार्मिकों, जिन्हें तत्काल ही कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवेदन निम्न दस्तावेजों के साथ, एंप्लॉयमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार पत्र में इस परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के अंदर (बंद लिफाफे में) इस विभाग को भेज दिए जाएं- (I) संलग्नक -II में दिए प्रारूप पर आवेदक का जीवन-वृत्त (तीन प्रतियों में), (II) पूर्ण एवं अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर (अथवा कार्मिक के संबंध में पिछले 5 वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की समूह- 'क' अधिकारी द्वारा प्रमाणित फोटो-प्रतियां), (III) सतर्कता/सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, (IV) पिछले 10 वर्ष में 'कोई दण्ड अधिरोपण नहीं' का प्रमाणपत्र। **अंतिम तिथि के बाद या गोपनीय रिपोर्ट (या गोपनीय रिपोर्टों की प्रमाणित प्रतियों) के बिना प्राप्त होने वाले अथवा अन्यथा अपूर्ण पाए जाने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

21/x/19

**अपर प्राध्यापक (प्रशा.)**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी**

प्रतिलिपि-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस रिक्ति-परिपत्र को अपने मंत्रालय एवं संबद्ध/अधीनस्थ/स्वायत्त संगठनों में समुचित रूप से प्रचारित करें तथा पात्र उम्मीदवारों के आवेदन इस कार्यालय को निश्चित समय तक प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. अवर सचिव, वन स्थापन प्रभाग, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, 6वॉ तल, जल ब्लॉक, जोरबाग रोड़, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003- आवश्यक प्रसार हेतु।
3. अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस रिक्ति परिपत्र को अपने अधीन समस्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों को आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित करने का कष्ट करें।
4. सचिव, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस रिक्ति को अपने अधीन समस्त प्रयोगशालाओं में परिचालित करने का कष्ट करें।
5. सचिव, लोक उद्यम कार्यालय, ब्लॉक- 14, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड़, नई दिल्ली – 110 003- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस रिक्ति को समस्त सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में परिचालित करने का कष्ट करें।
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली।
7. देहरादून स्थिति समस्त केन्द्रीय सरकार के कार्यालय- प्रसारण एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
8. सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को ।

24/x/19

**अपर प्राध्यापक (प्रशा0)**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी**

**संलग्नक- I**

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर उच्च श्रेणी लिपिक के एक पद हेतु आवश्यक योग्यताएं**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पदनाम | : | उच्च श्रेणी लिपिक |
| 2. | वेतनमान | : | वेतन बैंड ₹ 2400 ग्रेड वेतन + 20200-5200, 1 (संशोधन पूर्व),<br>लेवल-4, ₹ 25500-81100 |
| 3. | पदों की संख्या | : | एक (01) |
| 4. | भर्ती की पद्धति | : | **प्रतिनियुक्ति :**<br>केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/निगम/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्य कर रहे ऐसे व्यक्ति-<br>(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं या ;<br>(ii) मूल काडर या विभाग के ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जिनकी 'वेतन बैंड-1', रू 5200-20200+ग्रेड वेतन 1900 (संशोधन पूर्व), लेवल-2, रू19900-63200 में न्यूनतम 8 वर्ष की सेवा है।<br>**नोट :1** प्रोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br>(प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 56 वर्ष के अधिक नहीं होगी)<br>**नोट: 2** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्रय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**नोट:3** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01.01.2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना को प्रवृत्त किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा में जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है, उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित तत्स्थायी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझा जाएगा। |
| 5. | प्रतिनियुक्ति अवधि | : | प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्रय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6. | नियुक्ति का स्थान | : | देहरादून, किन्तु कार्य की आवश्यकता के अनुरूप भारत में किसी भी स्थान पर नियुक्त किए जाने योग्य। |

**नोट:** सभी आवेदन संलग्न प्रारूप पर तीन प्रतियों में प्रस्तुत किए जाएं तथा विभागध्यक्ष द्वारा संबंधित कार्मिक की पूर्ण तथा अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट के साथ आवेदनों को निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, पो0ऑ0 न्यू फॉरेस्ट, देहरादून- 248006 के पते पर उचित माध्यम द्वारा आग्रेषित किया जाना चाहिए जो इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के अंदर (बंद लिफाफे में) इस कार्यालय को प्राप्त हो जाने चाहिएं। आवेदन अग्रेषित करते समय यह सत्यापित एवं प्रमाणित किया जाना चाहिए कि आवेदक द्वारा दिया गया ब्यौरा सही है और उसके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है। आवेदक की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाए।

21/10/19

**अपर प्राध्यापक (प्रशा0)**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी**

संलग्नक -II

उच्च श्रेणी लिपिक पद हेतु आवेदन

## जीवन-वृत्त प्रारूप

1. नाम एवं पता (साफ शब्दों में): ______________________

2. जन्मतिथि : (अंग्रेजी वर्ष के अनुसार) ______________________
3. केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तारीख: ______________________
4. शैक्षणिक योग्यताएं : ______________________

5. क्या पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं आवेदक द्वारा प्राप्त की गई है? यदि आपके द्वारा धारित कोई योग्यता नियमों के अंतर्गत उपरोक्त पद हेतु विहित किसी योग्यता के समतुल्य है तो कृपया उसका प्राधिकार बताएं)

| आवश्यक योग्यताएं/ अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य:<br>1.<br>2.<br>3. | |
| वांछनीय:<br>1.<br>2. | |

6. कृपया स्पष्ट उल्लेख करें, कि आपके द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी के अनुसार क्या आपके पास उक्त पद हेतु आवश्यक योग्यताएं हैं? ______________________
7. अपने सेवायोजन का विवरण कालक्रम के अनुसार दीजिए। यदि नीचे दिया गया स्थान समुचित न हो तो कृपया एक अलग कागज पर विवरण भरकर हस्ताक्षर द्वारा सत्यापित करें और नत्थी करें।

| कार्यालय/संस्था/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान/लेवल | | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वेतन बैंड एवं ग्रेड-पे | पे मेट्रिक्स एवं लेवल | |
| | | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति; अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी : ______________________
9. यदि आपकी वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/ संविदा पर आधारित है, तो कृपया बताएं-

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख : ______________________
(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि : ______________________
(ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम : ______________________

10. पिछले काडर बाहय पद से वापसी की तारीख, यदि कोई हो : ______________________

11. वर्तमान नियुक्ति के विषय में अन्य विवरण:

कृपया उल्लेख करें:

(क) केन्द्र सरकार

(ख) राज्य सरकार

(ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सरकारी उपक्रम

(ड) विश्वविद्यालय

12. क्या आप पुनरीक्षित वेतनमान के अंतर्गत आते हैं यदि हां, तो वर्तमान पुनरीक्षित वेतनमान के प्रवृत्त होने की तारीख तथा अपना पुराने वेतनमान का उल्लेख करें- ______________________________

13. वर्तमान में प्राप्त की जा रही कुल परिलब्धियां- ______________________________

14. इस पद के लिए अपनी पात्रता के समर्थन में अन्य कोई सूचना, जो आप देना उपयुक्त समझते हों। यदि स्थान कम हो तो एक अलग कागज नत्थी करें।

15. क्या अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं- ______________________________

16. अन्य टिप्पणियां

मैंने रिक्ति विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे ज्ञात है कि पद पर चयन के समय चयन समिति द्वारा मेरे द्वरा मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शैक्षिक योग्यताओं व कार्यअनुभव के विवरण का सत्यापन किया जाएगा।

आवेदक के हस्ताक्षर ____________________

दिनांक____________________

पता ______________________________

______________________________

टेलीफोन नं . ______________________________

ई .मेल.______________________________

## नियोक्ता/कार्यालयाध्यक्ष/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा भरा जाने वाला प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है श्री/श्रीमती/कु.______________________________ द्वारा भरा गया उपरोक्त विवरण सही है और वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखत शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव रखता/रखती है।

**यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:**

(i) उसके विरूद्ध कोई सर्तकता मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है।

(ii) उसके संबंध में पिछले 5 वर्ष की पूर्ण एवं प्रत्येक पृष्ठ पर सत्यापित वार्षिक गोपनीलय रिपोर्ट डोजियर/वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट संलग्न हैं।

(iii) उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(iv) पिछले 10 वर्षों में उस पर कोई बड़ा/मामूली दंड अधिरोपित नहीं किया गया है ( जो लागू न हो उसे काट दें)।

(v) उसके संबंध में मूल कार्यालय से जारी काडर अनापत्ति प्रमाणपत्र संलग्न है।

हस्ताक्षर ____________________

नाम एवं विभाग, मुहर सहित ____________________

कार्यालय की मुहर ____________________

दूरभाष:__________ /फैक्स__________